19.06.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10PM

प्रादेशिक समाचार

राष्ट्रपति का ओंकारेश्वर दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज प्रदेश के खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत मध्य प्रदेश की उपलब्धियों की सराहना की और कहा कि स्क्रीनिंग का लक्ष्य तय समय से पहले ही हासिल कर लिया गया है।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मिशन-2047 के तहत लगाई गई विशेष प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। दौरे के अगले चरण में राष्ट्रपति आज ओडिशा के रायरंगपुर पहुंचेंगी, जहां वे कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगी।

पीएम मोदी- विकसित भारत योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में पीएम विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत 2 हजार 4 सौ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित करेंगे। इस योजना से देशभर में 15 लाख रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि अगस्त 2025 से शुरू हुई इस योजना के अंतर्गत अब तक 63 लाख से अधिक कर्मचारियों को औपचारिक कार्यबल में शामिल किया गया है, जिनमें लगभग 30 प्रतिशत महिलाएं हैं।

पीएम मोदी - ओडिशा दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल ओडिशा के दौरे पर जाएंगे, जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु भी उनके साथ रहेंगी। दोनों नेता सुबह मयूरभंज जिले के पहाड़पुर गांव पहुंचेंगे, जहां वे पवित्र स्थलों पर पूजा-अर्चना करेंगे और स्किल सेंटर तथा स्कूल का दौरा करेंगे। इसके बाद वे रायरंगपुर में ओडिशा सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे, जिसमें 47 हज़ार 600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास होगा।

अश्विनी वैष्णव बिहार दौरा

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज बिहार के एक दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मौजूदा वित्त वर्ष में बिहार में रेल अवसंरचना के विकास के लिए 10 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड बजट आवंटित किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में लगभग 1 लाख 15 हज़ार करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाएं पहले से प्रगति पर हैं, जिनमें पटना के हार्डिंग पार्क में पांच अतिरिक्त प्लेटफॉर्म और फतुहा रेलवे स्टेशन का विकास शामिल है। रेल मंत्री ने छपरा से दिल्ली के लिए नई एक्सप्रेस ट्रेन सेवा को आज रवाना करने की घोषणा की।

नीट यूजी परीक्षा- व्हाट्सएप चैनल

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने रविवार को होने वाली नीट-यूजी पुनर्परीक्षा में शामिल उम्मीदवारों के लिए एक आधिकारिक व्हाट्सएप संचार चैनल शुरू किया है। एनटीए ने स्पष्ट किया कि सभी आधिकारिक संदेश केवल उसके सत्यापित नंबर 78 27 98 02 87 से भेजे जाएंगे और उम्मीदवारों को नीले सत्यापन चिह्न की जांच करने की सलाह दी है। एनटीए ने स्पष्ट किया कि 3 मई की परीक्षा के एडमिट कार्ड पुनर्परीक्षा के लिए मान्य नहीं होंगे, क्योंकि कई उम्मीदवारों को नए परीक्षा केंद्र आवंटित किए गए हैं।

सीएम- भोपाल गिफ्ट सिटी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की कार्यों की समीक्षा की। इसमें उज्जैन में मेडी सिटी, साइंस सिटी और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना पर भी चर्चा हुई। डॉ. यादव ने कहा कि गुजरात की तरह राजधानी भोपाल में गिफ्ट सिटी बनाई जाएगी, जिसे ईकाई सिटी यानी एजुकेशन, नॉलेज एंड एआई सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार करीब 10 हज़ार करोड़ रुपये की फंडिंग करेगी।

योग दिवस पर खास कार्यक्रम

प्रदेश में संस्कृति विभाग द्वारा 21 जून को विश्व योग एवं संगीत दिवस पर कला और संस्कृति का अनूठा उत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के 14 स्थानों पर संगीत, नृत्य, चित्र और शिल्पकला से जुड़े भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें देश के सुप्रतिष्ठित कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

मौसम का हाल

अब बात मौसम की। प्रदेश में मानसून की रफ्तार सुस्त पड़ गई है। सामान्यतः 15-16 जून तक दस्तक देने वाला मानसून इस बार करीब 10 दिन की देरी से 25 जून के आसपास पहुंचने की संभावना है। जून माह में अब तक प्रदेश में सामान्य से 39 प्रतिशत कम बारिश हुई है, जिससे खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो रही है। वहीं मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 39 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है।

संक्षिप्त समाचार

1- नर्मदापुरम के गोविंदनगर, बनखेड़ी कृषि विज्ञान केंद्र में जिला स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

2- जबलपुर हाईकोर्ट ने एमपीपीएससी -2025 की मुख्य परीक्षा पर लगी अंतरिम रोक को हटा दिया है ।

3- शिवपुरी में अवैध कॉलोनियों के विकास, लाइसेंस और अनुमतियों की कड़ाई से निगरानी करने के लिए एक जिला स्तरीय सेल का गठन किया गया है।

4- गुना कलेक्ट्रेट में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जिला स्तरीय मास्टर वॉलंटियर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।